Roll No. ....
Signature of Invigilator ………………………

Paper Code
MD-302

पतंजलि विश्वविद्यालय

University of Patanjali

Examination December – 2018

M. A. Philosophy (Semester: Third)

Philosophy

न्याय–वैशेषिक दर्शन–III

Time: 3 Hours **Max. Marks: 70**

नोट : यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खंडों अ, ब, तथा स में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड–अ

(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'अ' में पांच (05) दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न दिए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पंद्रह अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3×15=45)

1. न्यायदर्शनानुसार इन्द्रियों के भौतिकत्व तथा प्राप्यकारिकत्व को तर्कप्रमाणपूर्वक सिद्ध करें।
2. आत्मा देहादि संघात से व्यतिरिक्त है, इस सिद्धान्त की पुष्टि में प्रमाण प्रस्तुत करें।
3. स्मृति के कुल कितने निमित्त न्याय दर्शन में बताए गए हैं? उदाहरण पूर्वक स्पष्ट करें।
4. "भूतचैतन्यवाद" का ऋषि गौतम के दृष्टिकोण से परिहार करें।
5. वैशेषिक दर्शन के सिद्धान्त तथा आधुनिक वैज्ञानिक विचारधारा के मध्य एक तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करें।

खण्ड–ब

(लघु–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ब' में छः (06) लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4×5=20)

1. वैशेषिक दर्शनानुसार योग तथा मोक्ष के स्वरूप का प्रतिपादन करें।
2. 'धर्म' नामक अदृष्ट गुण का प्रशस्तपादाचार्य के अनुसार निरूपण करें।
3. "ज्ञातुर्ज्ञानसाधनोपपत्तेः संज्ञाभेदमात्रम्" सूत्र की भाष्यानुसार व्याख्या करें।
4. विषयों के प्रति राग के किन निमित्तों की चर्चा वैशेषिककार ने की है? प्रत्येक को सप्रमाण प्रस्तुत करें।
5. "न्याय दर्शन को उपयोगिता तथा विशेषता" – पर एक समीक्षात्मक अध्ययन प्रस्तुत करें।
6. "शब्द अर्थ में संयोग संबन्ध नहीं होता है" – इस सिद्धान्त की पुष्टि में वैशेषिक दर्शन द्वारा प्रतिपादित प्रमाणों को प्रस्तुत करें।

खण्ड–स

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'स' में पॉच (05) अतिलघु उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित हैं। इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए। (5×1=05)

1. समवाय संबन्ध को परिभाषित करें।
2. शब्द और अर्थ क मध्य कौन-सा संबन्ध है?
3. न्याय मत में शरीर पाञ्चभौतिक है ***अथवा*** एक भौतिक?
4. वैशेषिक दर्शन के सातवें अध्याय के द्वितीय आह्निक का प्रथम सूत्र लिखें।
5. "अभिषेचनोपवासब्रह्मचर्य ...." सूत्र पूर्ण करें।

--------------x--------------